हादसा | भीषण सड़क हादसा, डंपर और छोटा हाथी में जोरदार टक्कर

# तेज रफ्तार डंपर ने फल से भरे वाहन को जोरदार टक्कर मारी




**नवभारत,नरसिंहपुर,गाडरवारा।** देव नर्सिंग मंदिर ट्रस्ट मानस धाम परिसर के सामने बीती मध्य रात्रि एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जब पिपरिया की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने फल-फरूट से भरे छोटा हाथी वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में छोटा हाथी वाहन के ड्राइवर को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जा रहा है कि सड़क के दोनों ओर की पट्टियां पहले से ही क्षतिग्रस्त (डाउन) हैं और ऊपर से भारी वाहन सड़क किनारे खड़े रहने के कारण क्रॉसिंग के दौरान रास्ता संकरा हो गया था। यही स्थिति इस भीषण दुर्घटना की मुख्य वजह मानी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में आए दिन ऐसे हादसे हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग लगातार मौन साधे हुए हैं। सवाल यह है कि आखिर कब तक लापरवाही के कारण जान जोखिम में डाली जाती रहेगी।

## गाडरवारा बस स्टैंड पर खड़ी बस में भीषण आग, मची अफरा-तफरी



**गाडरवारा।** शहर के नए बस स्टैंड पर शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब अचानक एक खड़ी बस में भीषण आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना के दौरान बस स्टैंड पर मौजूद यात्रियों और स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। कई लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। सूचना मिलते ही दमकल विभाग और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। प्रशासन द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है।



## गेहूं के खेत में लगी आग, ट्रक को भी पहुंचा भारी नुकसान

**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस जिला फाटक के पास एक गेहूं के खेत में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि किसी अज्ञात कारण से खेत में आग भड़क उठी, जो तेज हवा के चलते तेजी से फैलने लगी। आग की लपटें खेत के किनारे खड़े गिट्टी से भरे एक ट्रक तक पहुंच गईं, जिससे ट्रक के टायर और डीजल टैंक पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते खेत में खड़ी गेहूं की फसल भी जलकर राख हो गई। घटना की सूचना मिलते ही नगर पालिका की दमकल टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक खेत में लगी फसल और ट्रक के कुछ हिस्सों को भारी नुकसान हो चुका था। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है, और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

## तीन आरोपी गिरफ्तार, बोलेरो सहित सबूत जब्त



**नवभारत,नरसिंहपुर।** थाना पलोहा क्षेत्र में पवन पटेल पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। घटना के बाद से फरार चल रहे शेष तीन आरोपियों को पुलिस ने दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले इस मामले के दो मुख्य आरोपी पहले ही पुलिस गिरफ्त में आ चुके थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बोलेरो जीप सहित अन्य सामग्री भी जब्त की है, जो जांच में अहम साक्ष्य मानी जा रही है।

### आधी रात को हुआ था हमला

2 अप्रैल 2026 की रात करीब 12:30 बजे, गाडरवारा रोड स्थित दिव्या वेयर हाउस के पास कच्चे मार्ग पर फरियादी पवन पटेल के साथ अज्ञात हमलावरों ने मारपीट की थी। मामले में थाना पलोहा में अपराध क्रमांक 36/26 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस की घेराबंदी में आए आरोपी घटना के बाद फरार आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्गदर्शन और एसडीओपी तेंदूखेड़ा अभिनव मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस ने लगातार दबिश दी। सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने देवरी (जिला सागर) में घेराबंदी कर तीनों फरार आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार आरोपी मोनू उर्फ केशव सिकरवार (34) ङ्क जिला आगरा (हाल साईंखेड़ा, नरसिंहपुर) अवधेश सिंह भदोरिया (34) ङ्क जिला भिंड (हाल साईंखेड़ा, नरसिंहपुर) छुटवीर तोमर (30) ङ्क जिला मुरैना (हाल साईंखेड़ा, नरसिंहपुर) इन पुलिसकर्मियों की रही अहम भूमिका पूरे ऑपरेशन में थाना प्रभारी तेंदूखेड़ा, थाना प्रभारी पलोहा बी.एल. त्यागी, उप निरीक्षक, आदि की विशेष भूमिका रही।

## अनुज ने 10वीं बोर्ड में जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया

**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में क्षेत्र के होनहार छात्र अनुज पटैल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 97.4त्न अंक हासिल कर जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। अनुज ने 500 में से 487 अंक अर्जित कर न केवल अपने परिवार बल्कि विद्यालय और पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। अनुज पटैल एसएचसी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल इंग्लिश मीडियम श्रीनगर का छात्र है। उसकी इस उपलब्धि के पीछे उसकी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन का बड़ा योगदान रहा है। अनुज के पिता बलराम पटैल पेशे से किसान हैं, जबकि माता अंजना पटैल गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद परिवार ने अनुज की पढ़ाई में पूरा सहयोग दिया, जिसका परिणाम आज सभी के सामने है। अनुज की इस सफलता पर स्कूल प्रबंधन ने उसके निवास पहुंचकर उसे शुभकामनाएं दीं और माता-पिता को बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर शिक्षकों ने अनुज के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उसकी उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

## सर्वोदय स्कूल अंग्रेजी माध्यम का शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके सर्वोदय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम ने अपने पिछले कीर्तमान को बनाये रखते हुए इस वर्ष भी बेहतर प्रदर्शन किया है। और हाईस्कूल हायर सेकंडरी प्रमाण पत्र परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा में 68 विद्यार्थियों में 63 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में एवं 05 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इनमें कु चारू जैन ने 97 प्रतिशत अंक कु अंशिका शर्मा ने 95 शैलजा विश्वकर्मा ने 94.02 शिवानी पटेल ने 93.6 नैनश्री अग्रवाल ने 92.8 नाव्या जैन 91 दिलीप किरार 88.02 साक्षी कुशवाहा 87.8 रिचा उदेनिया 87.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके परिवार का नाम रोशन किया ।इसी तरह से हायर सेकेंडरी प्रमाण पत्र परीक्षा में जीवविज्ञान संकाय से कु सुहानी गुप्ता ने 86.8 प्रतिशत प्रियंका वाजपेई 86.8 रिशिता लोधी ने 86 और अवनि जैन ने 84.2प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। गणित संकाय से प्रियांश पटेल ने 89.6 प्रतिशत समिधा पाठक ने 85.8 आयुष अग्रवाल ने 85 आदीश जैन ने 84.2 शोभित बसेडिया ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। कॉमर्स संकाय में छात्र देव रूसिया ने 84.4 प्रतिशत अंक दक्ष पटेल ने 81 नमन पटेल ने 76.8 शैली मलैया ने 72.8 संध्या पटेल ने 69.4 प्रतिशत अंक प्राप्त प्रथम श्रेणी हासिल की है।

## बेटियों ने संभाली सेवा की कमान, गुड़-चना युक्त प्याऊ का शुभारंभ




**नवभारत,गाडरवारा।** भीषण गर्मी के बीच जनसेवा का एक प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया, जब नगर के समाजसेवी मुकेश बसेडिया द्वारा वैशाख कृष्ण सतुवाई अमावस्या के पावन अवसर पर गुड़-चना युक्त प्याऊ जल सेवा का शुभारंभ किया गया।

खास बात यह रही कि इस सेवा कार्य का शुभारंभ छोटी-छोटी बेटियों के हाथों कराया गया, जिसने कार्यक्रम को भावनात्मक और प्रेरक बना दिया। शहर के प्रमुख स्थानों अस्पताल रोड (रेवाश्री बुक्स के सामने) एवं लोक सेवा केंद्र में शुरू हुई इस पहल का उद्देश्य राहगीरों को तपती गर्मी में शीतल जल और ऊर्जा प्रदान करना है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रकांड विद्वान पं. भवानी प्रसाद शास्त्री द्वारा वैदिक विधि-विधान से मां विजयासन, दादाजी धूनी वाले एवं जल देवता वरुण के पूजन-अर्चन के साथ हुई। इसके पश्चात कन्याओं ने मां नर्मदा के पवित्र जल से मटके भरकर प्याऊ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पं. अरुण तिवारी, शिवकुमार कौरव, प्रदीप कौरव, रजनीश कौरव, मूलचंद पटेल, राजेश शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार लाल साहब कौरव, नीरज कौरव, श्रीकांत कौरव, संतोष ठाकुर, दिलीप अहिरवार, शिवानी पटेल, नीतेश साहू, सुरेंद्र गोहल, निरंजन कहार, तनुश्री बसेडिया, आरती कहार, पूजा कहार, मोना कहार, आरती ठाकुर सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। ज्ञात हो कि मुकेश बसेडिया द्वारा यह गुड़-चना युक्त जल सेवा पिछले 12 वर्षों से वैशाख और जेठ माह में निरंतर संचालित की जा रही है, जिससे राहगीरों को न केवल ठंडा पानी बल्कि पोषण भी मिलता है। बसेडिया ने कहा, यदि एक भी व्यक्ति भूख मिटाकर जल ग्रहण करता है, तो यह सेवा सार्थक हो जाती है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों एवं राहगीरों को सतुआ प्रसादी वितरित की गई। यह पहल न सिर्फ गर्मी में राहत दे रही है, बल्कि समाज में सेवा, संस्कार और बेटियों के सम्मान का मजबूत संदेश भी दे रही है।

## भीषण गर्मी के चलते छात्रों और शिक्षकों के हाल बेहाल

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और मौसम विभाग की चेतावनी के बाबजूद भी नरसिंहपुर जिले में स्कूल सुबह साढ़े दस बजे से शाम साढ़े चार बजे तक लगाये जा रहें हैं। जिसका असर स्कूली बच्चों शिक्षकों पर पढ़ रहा है।तेज धूप और बढ़ते तापमान के कारण बच्चों और शिक्षकों को स्कूल जाना मुश्किल होता जा रहा है। जिससे उपस्थिति में लगातार गिरावट देखी जा रही है। अभिभावकों और शिक्षकों ने प्रशासन से स्कूलों के समय में बदलाव की मांग की है। जानकारी के अनुसार वर्तमान में स्कूलों का संचालन 10 बजे से 4-30 बजे तक है। हाल ही में मौसम विभाग ने भी 19 अप्रेल से भीषण गर्मी पढ़ने के साथ बचाव की दिशा में आवश्यक सुरक्षा के उपाय भी बताए हैं। ऐसे में छात्रों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। गर्मी के कारण बच्चे थकान चक्कर और कमजोरी की शिकायत कर रहे हैं। जिसके चलते वे स्कूल जाने से कतरा रहे हैं। शिक्षकों का भी कहना है कि कक्षाओं में बच्चों की उपस्थिति कम हो रही है। पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ऐसे में उन्होंने सुझाव दिया है कि स्कूलों का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाए। कुछ अभिभावकों का कहना है कि यदि समय में शीघ्र बदलाव नहीं किया गया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से जल्द निर्णय लेकर बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों को ध्यान में रखते हुए स्कूल समय में परिवर्तन करने की मांग की है।


### एक नजर में



## बिजली उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

**नवभारत,गोटेगांव।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ग्रामीण के अंतर्गत आने वाली 33 / 11 केव्ही विद्युत उपकेंद्र खमरिया में बीते दिवस कार्य योजना 2025- 26 के अंतर्गत अतिरिक्त 5 एमव्ही ए पावर ट्रांसफार्मर की स्थापना का कार्य पूर्ण कर ट्रांसफार्मर चालू किया गया है यहां पर काफी लंबे समय से संपूर्ण क्षेत्र में आसपास कृषि एवं घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को पिछले लंबे समय से बिजली वोल्टेज को लेकर काफी परेशानियों और विभिन्न प्रकार की परेशानियों से जूझना पड़ रहा था जिसे लेकर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने कड़े कदम उठाते हुए यह समस्या का समाधान हेतु कार्य योजना तहत बिजली उपभोक्ताओं को एक बड़ी सौगात के रूप में यह समस्या से निजात दिलाए जाने का कार्य किया है जिसकी ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम वासियों ने बिजली अधिकारी कर्मचारियों की पूरी-पूरी प्रशंसा की है और कहा है कि उक्त ट्रांसफार्मर के लगने से उपकेंद्र में पूर्व से स्थापित दो नग ट्रांसफार्मर को राहत मिलेगी जिससे उक्त उपकेंद्र से संबंध आसपास के 15 ग्रामों में घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को सुचारू एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत प्रलय किया जा सकेगा उक्त कार्य को पूर्ण करने में कार्यपालन अभियंता (एस टी एम)/ एसटीसी एवं उनकी टीम के साथ विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा !

## प्रिया का सुयश



**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** नगर के प्रतिष्ठित उपाध्याय परिवार के सुनीता शिवकुमार उपाध्याय की सुपुत्री प्रिया उपाध्याय ने शासकीय कन्या विद्यालय से कक्षा बारहवीं में अध्ययन करते हुए 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और परिवार का मान बढ़ाया है।

## जिले में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम मनाया गया

**नवभारत,नरसिंहपुर।** संचालनालय आयुष विभाग के आदेशानुसार जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न शासकीय आयुर्वेद, होम्योपैथी औषधालयों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों द्वारा पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम (8 वां संस्करण) 2026 मनाया गया। इसके अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्रों में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि मातृ एवं शिशु पोषण के अंतर्गत गर्भवती व धात्री महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण परामर्श दिया गया। साथ ही बच्चों का वचन व ऊंचाई मापी गई। बाल मस्तिष्क विकास के लिए प्रारंभिक संवर्धन जन्म से 3 वर्ष तक के अभिभावकों को बच्चों के मानसिक एवं संज्ञानात्मक विकास और घर आधारित देखभाल एवं खेल गतिविधियों के माध्यम से विकास के लिए मार्गदर्शन दिया गया। प्रारंभिक वर्षों में खेल आधारित शिक्षा तीन वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों में बाल विकास, सीखने की क्षमता और सामाजिक व्यवहार के विकास के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## कलेक्टर ने कार्यों की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

**नवभारत,नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के अंतर्गत चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में एकल नलजल योजनाओं के 640 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, शेष कार्य प्रगतिरत हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उन्हें शीघ्र ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित किए जाएं। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु को देखते हुये सभी नल जल योजनाएँ चालू रखने है और हैण्डपंप के दुरुस्तीकरण व सुधार कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिससे ग्रामीणों को पेयजल की समस्या न हो एवं सुचारू रूप से जल प्रदाय प्राप्त होता रहे। कलेक्टर ने ठेकेदार मेसर्स ए. एण्ड आर. कंस्ट्रक्शन को पुनरीक्षित योजनाओ के कार्य आवंटित होने के 6 माह बाद भी कार्य प्रारंभ न करने पर नाराजगी जताई।



## आदित्य ने रचा इतिहास, छात्र व माता-पिता का किया सम्मान

**नवभारत,साईंखेड़ा।** अपनी मेहनत और संकल्प के बल पर प्रतिभाएं किस तरह अभावों को मात देकर शिखर तक पहुँचती हैं, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण साईंखेड़ा के होनहार छात्र आदित्य जनक सिंह कुशवाहा ने पेश किया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणामों में आदित्य ने 97त्न (485/500) अंक प्राप्त कर न केवल जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, बल्कि संपूर्ण मध्य प्रदेश की मेरिट सूची में 8वां स्थान हासिल कर नगर का मस्तक गर्व से ऊँचा कर दिया है। सम्मान से अभिभूत हुआ परिवार चैतन्य हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र आदित्य की इस अभूतपूर्व सफलता की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई। इस उपलब्धि पर आदित्य और उनके माता-पिता का सम्मान करने के लिए नगर परिषद अध्यक्ष स्वाति सचिन अग्रवाल एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी जे पी रजक कार्यालय नगर परिषद में छात्र आदित्य और उनके गौरवान्वित माता-पिता को पुष्पगुच्छ भेंट किए और मिठाई खिलाकर इस गौरवशाली क्षण की बधाई दी।

## नया बस स्टैंड बना पार्किंग और सभा स्थल



**नवभारत,गोटेगांव।** नया बस स्टैंड बड़े लम्बे समय से इंतजार कर रहा है कि कब मेरा सदुपयोग होगा और मैं कब लोगों के लिए काम आ पाऊंगा लाखों रुपए की लागत से बनी इमारत धूल खा रही है और मेरा उपयोग होना चाहिए था वह नहीं हो पा रहा है क्या मैं पार्किंग व्यवस्था के लिए बना या सभा स्थल के रूप में जाना जाऊंगा जी हां मैं गोटेगांव का नया बस स्टैंड हूं पार्किंग व्यवस्था के लिए उपयोग गोटेगांव के नए बस स्टैं ड को लोग पार्किंग के रूप में उपयोग कर रहे हैं जबकि इसका निर्माण शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए किया गया था लेकिन बस स्टॉप को छोड़कर यहां पर सब कुछ हो रहा ह लाखों की लागत से बनी बिल्डिंग खा रही धूल न्यू बस स्टैंड की बनी इमारत धूल खा रही है ना इसका बेहतर रख रखाव हो पा रहा है ना ही इसको सुचारू रूप से चलाने के लिए कोई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं और नगर वासी एवं क्षेत्रवासी आश लगाए बैठे हुए हैं कि हमको एक ही स्थान से यात्रा करना कब सुलभ होगा प्रशासन के प्रयास हुए असफल हालांकि गोटेगांव प्रशासन ने इसको चालू करने के लिए अधिक प्रयास किया लेकिन यह प्रयास सफल नहीं हो पाए कुछ दिन तक प्रशासन की अपील का असर दिखा लेकिन उसके बाद प्रशासन की अपील बे असर रही भीषण गर्मी में यात्री होते हैं परेशान बस स्टैंड के अंदर यात्री वाहन का खड़ा ना होने से यात्रियों को धूप में ही प्रतीक्षा करनी पड़ती है या तो इस भीषण गर्मी में वहां पर बनी दुकानों का सहारा यात्रियों को लेना पड़ता है जबकि बस स्टैंड के अंदर यात्री छांव में इंतजार कर सकते हैं लेकिन यहां पर यात्रा बस खड़ा ना होने से लोगों को सड़क किनारे ही इंतजार करना पड़ता है जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम से छात्रो ने बढ़ाया मान

### श्री शंकराचार्य बाल विद्या निकेतन, झोतेश्वर के छात्रों की उड़ान



**नवभारत,गोटेगांव।** समीप श्री शंकराचार्य बाल विद्या निकेतन, झोतेश्वर के विद्यार्थियों ने सत्र 2025ङ्क26 की कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों की इस सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पित प्रयास, अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों के मार्गदर्शन और व्यावहारिक शिक्षा का समन्वय ही सफलता की कुंजी है। परीक्षा परिणामः मेधावी छात्रों ने गाड़े सफलता के झंडे कक्षा 10वीं के परिणाम इंग्लिश एंड हिंदी मीडियम इंग्लिश मीडियमः मिस जुनैरा फातिमा (96.4त्न) - प्रथम, मिस राधिका मुड़िया (95त्न) - द्वितीय एवं मिस निहारिका सिरबइया (95त्न) - तृतीय। अन्य श्रेष्ठ प्रदर्शनः मिस प्रार्थना दुबे (94त्न), मास्टर आराध्य दुबे (93त्न), मिस मनीषा ठाकुर (90.2त्न) एवं मिस माही तिवारी (90.2त्न)। हिंदी मीडियमः मास्टर शिवराज लोधी (93.2त्न) - प्रथम, मास्टर योगेश्वर श्रीपाल (90.2त्न) - द्वितीय एवं मिस अंशिका सिरवैया (87.4त्न) - तृतीय। कक्षा 12वीं के परिणाम इंग्लिश मीडियमः मास्टर विपिन साहू (92.4त्न) - प्रथम, मिस अनामिका मेहरा (91.4त्न) - द्वितीय एवं मिस प्रतिभा साहू (89.8त्न) - तृतीय। हिंदी मीडियमः मास्टर निशांत प्रजापति (91त्न) - प्रथम, मिस जीतू मेहरा (85.4त्न) - द्वितीय एवं मास्टर शिवराज देहरिया (85.2त्न) - तृतीय। विशेष उपलब्धिः विद्यालय के 32 छात्र शासन की लैपटॉप योजना हेतु पात्र हुए हैं। स्थापना एवं गौरवशाली इतिहास विद्यालय की स्थापना 27 अप्रैल 2009 को परम पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वतीजी महाराज की कृपा से तथा उनके शिष्य जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज के कर-कमलों द्वारा की गई थी।

### निम्नलिखित सुविधाएं

वर्तमान में विद्यालय का संचालन माँ गिरिजा देवी धनपति उपाध्याय सार्वजनिक विकास समिति द्वारा किया जा रहा है, जो शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित शैक्षणिक परिवेश विद्यालय प्रबंधन का मुख्य उद्देश्य उन्नत और इंटरैक्टिव शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से क्षेत्र के बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करना है। इसके लिए विद्यालय में निम्नलिखित सुविधाएं उपलब्ध हैंः आधुनिक तकनीकः स्मार्ट क्लासेस और अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब के माध्यम से डिजिटल शिक्षा* प्रायोगिक शिक्षाः विज्ञान विषयों की गहराई के लिए पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाएं (साइंस लैब)।

## सोशल मीडिया पर धमकी भरे वीडियो से गाडरवारा में दहशत

**नवभारत,गाडरवारा।** नगर में इन दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे धमकी भरे वीडियो ने लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। कुछ युवक इंस्टाग्राम, स्नैपचैट और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म्स पर खुद को शहर का किंग बताते हुए आक्रामक अंदाज में वीडियो पोस्ट कर रहे हैं, जिनमें डर पैदा करने वाली भाषा और कथित रूप से हथियारों का प्रदर्शन भी नजर आ रहा है। सूत्रों के अनुसार ये वीडियो शहर के प्रमुख स्थानों— रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, पानी टंकी क्षेत्र, डमरू घाटी, डोला बाबा परिसर, रिलायंस पेट्रोल पंप क्षेत्र, पलोहा रोड, होटल-ढाबों, स्कूल-कॉलेज परिसरों, मैरिज गार्डन, तालाब ग्राउंड, कौड़िया रोड, स्टेशन रोड, एनटीपीसी बायपास, गरधा रोड, कामती आजाद ढाबा, शनि मंदिर, सोयाबीन प्लांट और अस्पताल रोड—के आसपास शूट किए जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस तरह के वीडियो न केवल समाज में डर और अशांति फैला रहे हैं, बल्कि युवाओं के बीच गलत संदेश भी दे रहे हैं। खासतौर पर हथियारों का प्रदर्शन एक गंभीर कानूनी मामला बन सकता है, जिसकी जांच बेहद जरूरी है। प्रशासन से उठी सख्त कार्रवाई की मांग नगरवासियों ने गाडरवारा पुलिस और प्रशासन से मांग की है कि साइबर सेल के जरिए ऐसे सोशल मीडिया अकाउंट्स की निगरानी कर तुरंत कार्रवाई की जाए, ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे। समाज का संदेश प्रबुद्ध नागरिकों ने युवाओं से अपील की है कि वे इस तरह की नकारात्मक गतिविधियों से दूर रहकर शिक्षा, खेल और रचनात्मक कार्यों में अपनी ऊर्जा लगाएं, जिससे शहर का माहौल शांत और सुरक्षित बना रहे।